खबर संक्षेप

## शिक्षा के क्षेत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एक प्रेरणा

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मानवता और शिक्षा के प्रति अपनी निष्ठा का अद्वितीय उदाहरण पेश करते हुए अर्सी अंजुम को रेडक्रास सोसाइटी द्वारा पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस सहायता से अर्सी को राजगढ़ में अपनी नर्सिंग कॉलेज की पढ़ाई जारी रखने का अवसर मिला है। जिससे न केवल उसकी शिक्षा पूरी होगी, बल्कि यह कदम आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम साबित होगा। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता के लिए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा का योगदान अनमोल है। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के प्रयासों ने इस अभियान को मजबूती दी है। श्री मिश्रा ने न केवल अर्सी अंजुम की सहायता कर उसकी शिक्षा को साकार किया, बल्कि इस अभियान के माध्यम से उन्होंने जिले में लड़कियों की शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। उनका यह कदम प्रेरित करता है कि हम सब मिलकर बेटियों की शिक्षा और उनकी उन्नति के लिए एक साथ काम करें। यह प्रयास न केवल अर्सी के जीवन को दिशा देगा, बल्कि यह पूरे जिले के युवाओं के लिए एक प्रेरणा भी है। श्री मिश्रा की यह सहायता न केवल आर्थिक बल्कि समाज की सेवा के प्रति उनके प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि किस प्रकार सरकारी सेवाएं और व्यक्तिगत प्रयास समाज के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इस नेक कार्य के लिए जिला शिक्षा केंद्र मंडला के डॉ. शेषमणी गौतम ने कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं। कलेक्टर सोमेश मिश्रा का यह कदम निश्चित रूप से अन्य व्यक्तियों और संगठनों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा और आगे भी समाज के कल्याण के लिए इसी प्रकार कार्य करते रहेंगे है।

### ताला खोलने से लेकर साफ-सफाई एवं पढ़ाई की निभा रहे जिम्मेदारी

# शिक्षकों की भूमिका निभा रहे छात्र





*** शिक्षा विभाग का भारी भरकम अमला बना सफेद हाथी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले की शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे ही संचालित हो रही है यही कारण है कि अब जिले के छात्र-छात्रायें इतने समझदार हो चुके हैं कि शिक्षक स्कूल में आये अथवा नहीं बच्चे स्वयं स्कूल की सारी व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं। स्कूल खोलने से लेकर साफ-सफाई एवं अध्ययनरत कार्य भी स्वयं कराने में सक्षम हो चुके हैं जो बड़े बच्चे हैं वे छोटी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को पढ़ाने में लग जाते हैं और शिक्षक हैं कि अपने मनमाने समय पर शाला आते हैं अथवा नहीं भी आते। न तो इनको कोई चिंता और न ही इनके बड़े अधिकारियों को देखने की फुर्सत की शाला संचालित हो भी रही है तो कैसें? जिले के बिछिया विकासखंड के खुलबा ईजीएस स्कूल में शिक्षा विभाग की गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। यह स्कूल बच्चों के भविष्य की गारंटी देने के बजाय उनके साथ खिलवाड़ कर रहा है। यहां शिक्षकों की जिम्मेदारी से दूरी ने बच्चों को ऐसी स्थिति में ला दिया है कि वे खुद स्कूल का संचालन कर रहे हैं।

### बच्चे बने शिक्षक

जब स्कूल का दौरा सुबह 10:15 से 11 बजे के बीच किया गया, तो वहां कोई शिक्षक उपस्थित नहीं था। बच्चों ने बताया कि वे खुद स्कूल का ताला खोलते हैं, सफाई करते हैं और बड़े बच्चे छोटे बच्चों को पढ़ाते हैं। यह स्थिति न केवल शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि सरकार की शिक्षा व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा करती है।

### नियुक्ति के बावजूद शिक्षक नदारद

इस स्कूल में दो शिक्षकों की नियुक्ति है, लेकिन दोनों अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। बच्चों की शिकायतों से यह स्पष्ट हुआ कि शिक्षक अक्सर अनुपस्थित रहते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो रही है।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

संकुल प्राचार्य सुधीर पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, यह देखने वाली बात होगी कि क्या इस मामले में वाकई कार्रवाई होगी, या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

### सरकार की योजनाओं पर उठे सवाल

प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कई योजनाएं चला रही है। शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का दावा किया जाता है। लेकिन इस तरह की घटनाएं सरकार की मंशा पर पानी फेरती नजर आती हैं। यह घटना दिखाती है कि शिक्षा विभाग का फील्ड स्तर पर नियंत्रण पूरी तरह से कमजोर है।

### बड़े सवाल

इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं: जब सरकार शिक्षा सुधार के लिए करोड़ों खर्च कर रही है, तो शिक्षक अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा रहे हैं? बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की जवाबदेही आखिर किसकी है? क्या दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई होगी, या इसे लीपापोती कर छोड़ दिया जाएगा?

### भविष्य के लिए खतरा

बच्चों को शिक्षा का अधिकार देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन खुलबा ईजीएस स्कूल की स्थिति इस जिम्मेदारी की अनदेखी को उजागर करती है। यदि समय पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका खामियाजा बच्चों और समाज दोनों को भुगतना पड़ेगा।

अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाते हैं।



## मण्डला पहुंची क्रिकेटर शुचि उपाध्याय का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश के लिए विभिन्न क्रिकेट टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाने वाली शुचि उपाध्याय का 19 दिसंबर को अपने गृह नगर मंडला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सुबह तड़के उनके आगमन पर श्री सिंह वाहिनी सेवा मंडल, महिला मंडल, डीसीए, और महिष्मति ग्राउंड समिति के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ अर्पित कर उनका अभिनंदन किया।

श्री सिंह वाहिनी मंदिर रामलीला मैदान में प्रसाद वितरण के साथ इस कार्यक्रम को विशेष बनाया गया। सेवा मंडल अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, सचिव सुधीर तिवारी, उपेंद्र बाजपेई, और महिला मंडल की श्रीमती अर्चना तिवारी, नीलिमा बाजपेई, प्रिया तिवारी, अर्पिता बाजपेई, एवं आशिमा तिवारी ने शुचि को विजय माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं।

शुचि के अब तक के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के अध्यक्ष निशीथ पटेल, सचिव धर्मेश पटेल, अनिल शर्मा, विक्रम जिनसारी, ब्रजेश पटेल, सुकेश झा, त्रिलोक नायडू सहित कई खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी। इस मौके पर डीसीए मंडला के अजय मिश्र, विजय बर्मन, इम्तियाज अली, संजय बडगियां, ललित जोशी, वेदप्रकाश कुलस्ते, ज्ञानेंद्र झा, शिवांशु तिवारी, बसंत ठाकुर, निशांत झा, भीष्म द्विवेदी, समसुदीन, और उत्कर्ष पटेल ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शुचि उपाध्याय के इस स्वागत समारोह ने मंडला जिले में क्रिकेट प्रेमियों के उत्साह को नई ऊर्जा प्रदान की।

## सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा बैठक संपन्न



**मण्डला।** अपर कलेक्टर अरविंद सिंह ने रविवार को सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका सकारात्मक रूप से निराकरण करें 50 दिवस से अधिक समय से लम्बित प्रकरणों पर फोकस करें। योजना भवन में सम्पन्न हुई इस बैठक में संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## दो अजगर पड़कर जंगल में छोड़ा गया

नारायणगंज। जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी के बालई पुल के पास विगत दो माह से दो अजगर जिनकी लंबाई 14 फुट और दूसरे अजगर की लंबाई 8 फुट विगत कई दिनों से देखे जा रहे हैं बालई पुल के नीचे कछार है जहां पर लोग, खेती करते हैं एवं सब्जी भाजी लगते हैं अजगर होने के कारण लोग अपने कच्छरों में जा नहीं पा रहे थे गांव के लोग एवं जिनकी फैसले लगी हुई थी

## परिषद् सदस्यता का प्रथम चरण पूर्ण



**मण्डला।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की सदस्यता वर्ष 2025 एवं 2026 के लिये आरम्भ की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानन्द तिवारी, राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी एवं प्रदेशाध्यक्ष मंयक तिवारी के विशेष मार्गदर्शन में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अन्तर्गत प्रथम चरण की सदस्यता मण्डला जिला इकाई के द्वारा पूर्ण की गई है। जिसके सदस्यता फार्म बीते दिनों राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी को मण्डला जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल द्वारा सौंपे गये। इस दौरान समाज कल्याण प्रकोष्ट के प्रदेश महासचिव इं. तरूण कुमार सोनाने एवं सदस्यता प्रभारी शिव चौरसिया व अन्य पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नवोदय नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 365 बच्चे हुए सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

विकासखंड निवास में कक्षा छठवीं में नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में दो परीक्षा केदो में 365 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए इस प्रवेश परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय निवास जिसमें 206 विद्यार्थियों में से 190 परीक्षा में सम्मिलित हुए वहीं दूसरे परीक्षा केंद्र शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निवास में दर्ज 191 परीक्षार्थियों में से 175 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए आज आयोजित हुई नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश मिलेगा प्रातः 11:00 बजे से परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में बैठाया गया तथा यह परीक्षा 11:30 बजे से 1:30 बजे तक आयोजित हुई दोनों परीक्षा केदो में केंद्र अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं प्रेम किशोर तिवारी के साथ-साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार दुबे अनुराग जैन शिक्षकगण राम विशाल विश्वकर्मा नवीन व्यवहार मुकेश जैन ज्ञानेंद्र बढ़गया संतोष परस्ते राम कुशराम तथा नवोदय विद्यालय समिति से आए दोनों शिक्षक भलावी एवं श्री राव के कुशल मार्गदर्शन में परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई परीक्षा संचालन में जन शिक्षक सुरेश मढेले तारेंद्र मोहन उपाध्याय दर्शन भारतीय राघवेंद्र तिवारी संतोष बर्मन मुरलीधर परस्ते टेकलाल सिंगरौरे सेवा राम उठिया कोमल बरकड़े के साथ द सभी शिक्षकों और संस्था प्रधानों का सहयोग भी सराहनीय रहा आज संचालित परीक्षा का निरीक्षण तहसीलदार शंकर लाल मरावी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा बी आर सी सुनील कुमार दुबे द्वारा किया गया।

लोकार्पण | नन्हें बच्चों का होगा भौतिक विकास-संपतिया उइके।

# नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का हुआ लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने रविवार को बिछिया विकासखंड के ग्राम उमरवाड़ा के सानी मवाला में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर बिछिया विधायक नारायण सिंह पटटा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, जनपद पंचायत बिछिया अध्यक्ष सकुना उइके, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, डॉ. विनोद मरावी, स्थानीय सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनमन योजना संचालित कर आदिवासी जनजाति समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मण्डला जिले में प्रथम आंगनवाड़ी केन्द्र सानी मवाला का शुभांरभ हुआ। मंत्री श्रीमति उइके कहा कि आंगनवाड़ी में शिक्षा ग्रहण कर रहे नन्हें बच्चों का भौतिक विकास होगा। इस अवसर पर मंत्री श्रीमति संपतिया उइके ने नए आगंनवाड़ी भवन संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए। आयोजित कार्यक्रम को विधायक नारायण सिंह पटटा और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने भी संबोधित किया प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन की लागत 12 लाख रूपए है।



## खबर संक्षेप

### रंजीत बने अजाक्स संघ के जिला प्रभारी



नरसिंहपुर। रविवार को अजाक्स संघ के जबलपुर संभाग पूर्व प्रांतीय महासचिव अजाक्स संघ एस. एल.सूर्यवंशी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष अजाक्स संघ अजय सोनकर के निर्देशानुसार एवं संभागीय अध्यक्ष जबलपुर अजाक्स संघ राजेंद्र तेकाम की अनुशंसा पर संभागीय महासचिव प्रशासन जबलपुर संभाग अजाक्स संघ द्वारा संभागीय उपाध्यक्ष अजाक्स संघ जबलपुर संभाग रंजीत कुमार चैधरी (स्वास्थ्य विभाग नरसिंहपुर) को अजाक्स संघ जिला नरसिंहपुर अजाक्स संघ जिला नरसिंहपुर का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है इस अवसर पर अजाक्स संघ एवं अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के सामाजिक संगठनों तथा अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं साथियों के द्वारा नरसिंहपुर जिले का अजाक्स संघ का जिला प्रभारी बनने पर शुभचिंतकों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

### युवक ने खाया जहर

नरसिंहपुर। गत दिवस युवक द्वारा अपने घर पर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया कपिल पिता पवन ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी पनारी थाना करेली द्वारा अपने ही घर पर अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### सड़क दुर्घटना मे महिला घायल

नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र सुआतला के ग्राम दुरसुरू निवासी महिला दो पहिया वाहन से अपने काम के लिये जा रही थी तभी रोड पर बने स्पीड ब्रेकर मे गाड़ी अनियंत्रित हुई और वह गिर गई जिससे उनके सिर पर चोट आई जिसका उपचार जिला चिकित्सालय मे जारी है।

### महिला ने खाया जहर

नरसिंहपुर। गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशन गंज के ग्राम सहजपुरा निवासी द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया पुलिस ने बताया कि रामवती पित धर्मेन्द्र यादव द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### 9 ग्राम पंचायतों में होंगे आनंद उत्सव कार्यक्रम

नरसिंहपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार जिले में 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 20 जनवरी को जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत डुडवारा, झामर व चंदपुरा के लिए प्राथमिक शाला झामर में, बहोरीपार कला, मुडिया व डांगीढाना के लिए हाईस्कूल डांगीढाना और रातामाटी, गोरखपुर व बिछुआ के लिए खेल मैदान गोरखपुर में आनंद उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

### गांव की बेटी बनी लेखा सेवा अधिकारी



तेंदूखेड़ा। मन में दृढ़ संकल्प विश्वास और अपने कर्त्तव्य के प्रति आगे बढ़ने लक्ष्य निर्धारित हो तो हर मुकाम तक पहुंचा जा सकता है।ऐसा ही एक उदाहरण एक मध्यमवर्गीय कृषक परिवार की होनहार बेटी ने प्रस्तुत किया है विगत दिवस घोषित हुए एम पी पी एस सी परीक्षा परिणामों में तेंदूखेड़ा से शिक्षा ग्रहण कर इस मुकाम तक पहुंची श्वेता पटेल पिता पुरुषोत्तम पटेल ने तेंदूखेड़ा क्षेत्र का नाम रोशन के साथ अपने परिवार को गोरवान्वित भी किया है। ग्राम रमखिरिया में रहने वाली श्वेता पटेल ने कक्षा 12वीं तक सर्वोदय विद्यालय हिंदी माध्यम से शिक्षा ग्रहण कर होम साइंस कॉलेज जबलपुर बी एस सी एम एस सी गणित से कर चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग वर्ष 2022में परीक्षा दी थी। जिसमें अर्जित करते हुए अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी के रूप में चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। अपनी सफलता में अपने भाई माता पिता मित्रों और शिक्षकगणों का समय-समय पर उचित मार्गदर्शन सहयोग के लिए श्रेय दिया है।

### भागवत कथा 2 फरवरी से



तेंदूखेड़ा । फरवरी माह में तेंदूखेड़ा क्षेत्र में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम भौरा में सिद्धेश्वरी देवी दरबार में शतचंडी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन ग्राम वासियों के सहयोग से संपन्न होने जा रहा है। क्षेत्र के वरिष्ठ विद्वान पंडित श्री शिवप्रसाद जी बसेडिया सिद्धेश्वरी देवी मंदिर के पुजारी पंडित भगवत प्रसाद जी पचोरी एवं पं बलराम प्रसाद शास्त्री जी के कुशल मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य पं वासुदेव बसेडिया के नेतृत्व में 02 फरवरी विशाल कलश यात्रा से 10 फरवरी तक महायज्ञ 4 फरवरी से वृन्दावन धाम से पहुंच रहे ।

6 माह में बाद भी स्थिति जस के तस

# ठंडे बस्ते में पड़ा अवैध सागौन जब्ती का मामला

### कागजों में हेरफेर का अंदेशा बरकरार

बीते 6 माह पूर्व वन परिक्षेत्र बरमान रेंज की टीम द्वारा सराहनीय कार्रवाई कर ग्राम कुकवारा में एक निर्माणाधीन मकान से अवैध सागौन 266 नग सागौन की चिरान और 57 नग चौखट-दरवाजे जब्त किए हैं, जिनमें से कुछ चौखट-दरवाजे घर में पहले से लगे हुए थे। उक्त कार्रवाई तकरीबन 6 घंटे में की गई थी। जिसकी जांच वन विभाग द्वार की जा रही थी 6 माह बीते जाने के बाद भी वन विभाग द्वारा कोई जबाव नही दिया जा रहा है। जो कई संदेहों को बढ़ावा दे रहा है।

हरिभूमि न्यूज







हरिभूमि

अवैध सागौन जब्ती का मामला

3 माह में वन विभाग की जांच नहीं हो सकी पूरी

नरसिंहपुर। वनों की रक्षा के लिये सरकार द्वारा लाखों रूपये खर्च कर कर्मचारी अधिकारियों को तैनात किया गया है जिससे वनों को बचाया जा सके वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों की लापरवाह कार्यप्रणाली के कारण दिनो दिन वनों की कटाई हो रही है जिसमें रोक नही लग पा रहा है। वही बीते दिनों वन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के 6 माह बीत जाने के बाद भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मामले की जांच नही कर पाये। जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे है।

### मामला इस प्रकार

बीती 14 जुलाई को वन विभाग द्वारा सूचना के आधार पर बरमान वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकवारा में एक निर्माणाधीन मकान में दबिश देकर 266 नग सागौन की चिरान और 57 नग चौखट-दरवाजे जब्त किए हैं, जिनमें से कुछ चौखट-दरवाजे घर में पहले से लगे हुए थे। यह कार्रवाई तकरीबन 6 घंटे में की गई थी। इसके बाद जब्त की गई सामग्री को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर परिक्षेत्र कार्यालय ले जाया गया। आरोपी अचल घोषी निवासी कुकवारा के निर्माणाधीन घर से जब्ती की कार्रवाई में बरमान वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### संदेहों को जन्म दे रही कार्यप्रणाली

वन विभाग द्वारा सूचना के आधार पर दबिश देकर जब्ती की कार्रवाई करते हुये जप्त किये गये माल को वन परिक्षेत्र बरमान लाया गया। जिससे शेष कार्रवाई को आये बढ़ाया जा सके परन्तु 6 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वन विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई को अंजाम नही दिया गया। जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर संदेह उत्पन्न हो रहा है। वन विभाग की लेटलतीफी आरोपी के लिये कहीं वरदान ना बन जाये इसका अंदेशा बना हुआ है। वन विभाग द्वारा कार्रवाई में लगाई जा रही देरी को लेकर लोगों के मन में कई प्रकार के सवाल उत्पन्न हो रहे। वही लोगों द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि वन विभाग आरोपी को बचाने की जुगत मे तो नही लगा। फिलहाल मामला वन विभाग मे जांच पड़ताल के नाम पर लंबित है।

### हेरफेर होने को बना है अंदेशा

वन परिक्षेत्र बरमान की टीम द्वारा कुकवारा में अचल घोसी के निर्माणाधीन मकान से की गई कार्रवाई को लेकर कई प्रकार की चर्चा की जा रही है। लोगों का कहना है कि कहीं ऐसा ना हो वन विभाग के जिम्मेदार कर्मियों द्वारा पूर्व जैसे जब्त किये गये वाहनों को बदला गया था वैसे ही उक्त प्रकरण में हेरफेर ना कर दिया जाये। जिम्मेदार अधिकारी उक्त प्रकरण में भी सूक्ष्मता से जांच कर कार्रवाई करें क्योंकि उक्त कार्रवाई मे भी पूर्व में हेरफेर करने वाले वनकर्मी शामिल है। वन विभाग द्वारा कार्रवाई के उपरांत दी गई जानकारी मे बताया गया था कि आरोपी के निर्माणाधीन मकान से 266 नग सागौन की चिरान तथा 57 नग चैखट दरवाजा जब्त किये गये थे जिसके कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये इसलिये वन विभाग द्वारा अवैध मानकर कार्रवाई की गई थी वन विभाग द्वारा मकान के सत्यापन का भी कोई उल्लेख नही किया गया था जिससे माना गया कि आरोपी द्वारा पुराने मकान का सत्यापन भी नही काराया गया था यदि सत्यापन हुआ होता तो वन विभाग को जानकारी होती व विभाग द्वारा कार्रवाई के दौरान उतनी लकड़ी की संख्या कम दर्शायी जाती। अवैध सागौन था तो कागजी कार्रवाई मे देरी क्यों की जा रही है। फिलहाल मामले की शेष कार्रवाई बांकी है अब देखना होगा कि क्या परिणाम सामने आता है।

### इनका कहना है

उक्त संबंध में क्या कार्रवाई हुई यह जानकारी मुझे अभी स्पष्ट नहीं है मैं इसकी जानकारी लेता हूं तथा सूक्ष्मता से जांच कराई जावेगी।

**लवित भारती, डीएफओ नरसिंहपुर**

## 68 लीटर कच्ची शराब जब्त एवं 5 क्विंटल महुआ लाहन नष्ट



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले मे पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध की जा रही लगातार ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है जिसके फलस्वरूप थाना क्षेत्र स्टेशन गंज पुलिस द्वारा 4 प्रकरणों में 68 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त एवं 5 क्विंटल महुआ लाहन को नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध ताडतोड कार्यवाही करते हुए थाना स्टेशनगंज पुलिस द्वारा आरोपी गुड्डी बाई निवासी खमरिया से 55 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 53/2025 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है, इसी प्रकार आरोपी सलमा बी निवासी कृष्णा वार्ड, आरोपी नीता बाई निवासी कृष्णा वार्ड एवं अलीम खान निवासी कृष्णा वार्ड सभी आरोपियों से 13 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 52/2025, 54/2025 एवं 55/2025 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया है। इस प्रकार सभी आरोपियों से कुल 68 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गयी एवं लगभग 5 क्विंटल लाहन नष्ट करने में सफलता प्राप्त की गई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी स्टेशन गंज निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे, उनि विजय द्विवेदी, प्र. आरक्षक नरेंद्र, प्र. आरक्षक जागेश्वर बघेल, प्र. आरक्षक सुनील बिसेन, प्र. आरक्षक घनश्याम तिवारी, प्र. आरक्षक आशीष मिश्रा , आरक्षक संजय पांडे, आरक्षक लक्ष्मी नागपुरे, आरक्षक रोहित, आरक्षक राजकुमार, आरक्षक अंकित, महिला आरक्षक शिवानी की मुख्य भूमिका रही है।

## व्हालीबॉल में सिवनी एवं कबड्डी में नरसिंहपुर हुये विजय

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



संभाग स्तरीय 11वीं स्कूल शिक्षा विभागीय खेल प्रतियोगिता के तहत व्हालीबॉल, कबड्डी पुरूष वर्ग के मैच स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में 18 जनवरी को खेले गये। प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग की सिवनी, छिंदवाड़ा, जबलपुर, नरसिंहपुर जिले के शासकीय लोक सेवक द्वारा सहभागिता की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रतियोगिता के आयोजक जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार द्वारा किया गया एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी को शुभकामनाएं दीं। व्हालीबॉल संघ के जोनल सेक्रेटरी मनीष कटारे ने बताया कि प्रतियोगिता में संभाग स्तरीय टीम का चयन किया गया जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग की टीम का नेतृत्व करेंगे। व्हालीबॉल के खेले गए फाइनल मैच में सिवनी और नरसिंहपुर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें सिवनी जिले की टीम विजेता एवं नरसिंहपुर जिले की टीम उपविजेता रही। मैच के निर्णायक शाकिर हुसैन, दीपक कंसाना एवं स्कोरर साहिल सोनी, शुभम लिल्हारे रहे। विजेता एवं उप विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में नरसिंहपुर ने छिंदवाड़ा को 6 प्वाइंट से हराकर विजेता रही। नरसिंहपुर टीम के कप्तान रंजन दुबे द्वारा शानदार प्रदर्शन कर टीम वर्क के साथ जिले की टीम को विजेता बनाया। कबड्डी टीम के मैच में रेफरी व्यायाम शिक्षक विकास शर्मा, ईश्वर पटेल एवं स्कोरर प्रदीप जाटव, धनीराम मेहरा रहे।

## स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को करे आत्मसातः स्वामी मानदानंद

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद जी का जीवन एवं उनके विचार पर जिला स्तरीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में रविवार को किया गया। व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के रिजिनल प्रेसीडेंट सुनील कोठारी, कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, मुख्यवक्ता स्वामी मानदानंद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी निरंजन दादा जी शारदा आश्राम केरपानी तथा जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता स्वामी मानदानंद ने बताया की स्वामी विवेकानंद के तीन पुष्प आयाम हम सबके लिए प्रेरणा देने वाले हैं। उनमें पहला-गुरु के प्रति श्रद्धाभक्ति, दूसरा राष्ट्र प्रेम व समर्पण तथा तीसरा पुष्प सनातन शास्त्रों के परिपेक्ष्य में उनकी निष्ठा है। व्यक्ति स्वामी जी के विचारों को आत्मसात कर स्वामी विवेकानंद की तरह बन सकता है। कार्यक्रम का संचालन गोटेगांव विकासखण्ड समन्वयक प्रतीक दुबे और आभार चांवरपाठा विकासखण्ड समन्वयक धर्मेन्द्र चैहान ने किया। कार्यक्रम में नवांकुर, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, विद्यार्थियों, सामाजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक संस्था प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सरकारी जमीन पर कब्जा
### अतिक्रमणकारियों ने लगाए खंभे,प्रशासन मौन



गोटेगांव। तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत श्रीनगर में गोशाला के पास मौजूद मुरम की पहाड़ी पर अवैध खुदाई करने वालों ने उक्त स्थल को खोद कर समतल कर दिया है। जब यहां की मुरम पूरी तरह से खत्म हो गई तो उक्त सरकारी जमीन पर कब्जा करने की होड़ यहां के रहवासियों में बनी है। उनके द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने के लिए जहां तहां खंभे गाड़ दिए गए हैं। वहीं कुछ लोगों ने ऐसी जमीन पर आवास बनाने के लिए कांक्रीट के कालम तक बना लिए हैं।इस स्थल के पास ही ग्राम पंचायत के द्वारा पूर्व समय में एक तालाब का निर्माण करवाया गया था। जो अवैध खुदाई करने वालों के कारण पूरी तरह से खत्म हो गया है। खननकर्ताओं ने यहां पर मौजूद पूरी पहाड़ी को अवैध तरीके से खोद कर सरकार को राजस्व की काफी हानि पहुंचाई है। अब उस सरकारी जमीन पर कब्जा करने की दिशा में कुछ लोग प्रयासरत हैं।ग्राम पंचायत श्रीनगर ने यहीं पर हाल ही में मुक्तिधाम का निर्माण भी करवा दिया है यहां पर मुक्तिधाम का निर्माण कराने के बाद भी अतिक्रमण करने वालों के हौसले पस्त नहीं हो रहे हैं। राजस्व विभाग यहां पर होने वाले अतिक्रमण को हटवाने की दिशा में समुचित कदम उठाए। ताकि उक्त जमीन पर कब्जा होने से बचाया जा सके। इस जमीन से लगी हुई गोशाला को दी गई जमीन पर भी कब्जा है। इसको हटाने की दिशा में भी राजस्व विभाग कदम उठाए।

## रोमांचक मैच में भोपतपुर टीम विजेता बनीं
### टेनिस बॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



तेंदूखेड़ा। विगत 20दिनों से ग्राम ईश्वरपुर में चल रही टेनिस बॉल प्रतियोगिता का भोपतपुर टीम ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता का समापन किया। मिली जानकारी के अनुसार ईश्वरपुर ग्राम में लगभग 20 दिनों से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। फाइनल मैच रायसेन जिले के भोपतपुर और ईश्वरपुर के मध्य खेला गया निर्धारित 15 ओवर के इस मैच में भोपतपुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 80 रन का लक्ष्य रखा।जवाबी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईश्वरपुर टीम महज आठ ओवर में 69 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इस तरह 11 रनों से भोपतपुर ने आसन जीत दर्ज की। वही विजेता टीम भोपतपुर को प्रथम पुरस्कार 13001/नगद एवं शील्ड उपविजेता टीम को 7100 नगद व शील्ड दोनों टीमों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्राम के सरपंच चौधरी चंद्रभूषण पटेल व विशिष्ट अतिथि कमलकांत पुरोहित ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल मानव जीवन का एक हिस्सा है खेल हमारे जीवन में आनंद के साथ-साथ व्यायाम का सबसे सफल हिस्सा होता है। वहीं खेल भावना से जीवन जीने आगे बढ़ने की सीख भी देता है।आज एक ओर जहां युवा पीढ़ी मोबाइल एवं अन्य माध्यम से भटकाव की और जा रही है उन्हें खेलों से जोड़कर अपने जीवन में खेलों के महत्व को कम कर रहे हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट के प्रति जो दिलचस्पी देखी जा रही है निश्चित तौर पर आने वाले समय में अच्छी प्रतिभायें निकल कर सामने आयेंगी।क्रिकेट व्यायाम के साथ-साथ अनुशासनात्मक जीवन का एक सफल मध्याम भी है जो हमें निरंतर और अधिक अच्छा करने के लिए प्रेरित करता रहता है।

## राष्ट्रीय प्रो कबड्डी मैराथन दौड़ के साथ आज से होगा खेलों का महाकुंभ

### तीस लाख के इनामी टूर्नामेट कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे सीएम यादव



गोटेगांव। स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर 1982 में स्थापित किए गए सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा अपने 41 वें सोपान के अंतर्गत कबड्डी एथलेटिक्स एवं मानवसेवी कार्यक्रमों का शुभारंभ आज दिनांक 20 जनवरी दिन सोमवार को सुबह 09:00 वजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में हो रहा है। सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव के संस्थापक सदस्य माननीय मुलाम सिंह पटेल भैयाजी के मुख्य अतिथि एवं स्थानीय वरिष्ठजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ देव पूजन एवं मैदान पूजन के साथ होगा। दिनांक 20 जनवरी दिन सोमवार से दिनांक 23 जनवरी दिन गुरुवार तक आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम दिवस पर आज क्षेत्रीय कबड्डी, चौपड़ तथा महिला एवं पुरुष वर्ग में महिला कबड्डी, बालक कबड्डी, हाफ मैराथन दौड़, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट थ्रो ,जैवलिन थ्रो ,ऊंची कूॅद ,लंबी कूॅद आदि प्रतियोगिताओं का आगाज होगा। कबड्डी एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं को महिला एवं पुरुष के साथ आयु वर्ग में भी विभाजित किया गया है। प्रो कबड्डी के खिलाड़ियों के साथ राष्ट्रीय स्तर की पुरुष कबड्डी का आयोजन कल दिनांक 21 जनवरी दिन मंगलवार से प्रारंभ होगा। जिसमें एकल एवं समूह वर्ग की इन सभी प्रतियोगिता में स्थाई शील्ड के साथ लगभग 30 लाख रुपए की इनामी राशि भी प्रतिभागियों को प्रदान की जावेगी। प्रतियोगिता का समापन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मजयंती ॓पराक्रम दिवस॓ दिनांक 23 जनवरी को किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन होगा।खेल के साथ सेवा केंद्रों का होगा शुभारंभ - सरदार सिंह आयोजन समिति से जुड़े मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजी. सरदार सिंह पटेल ने बताया कि सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव द्वारा खेल की विधाओं के साथ मानव सेवी कार्यक्रमों को आयोजन में सम्मिलित किया गया है। नशा मुक्ति एवं नर्मदा सफाई के अभियानों के साथ स्वास्थ्य शिविर, जैविक खेती संवर्धन, कृषि विकास, विधिक सहायता, लोकसेवा के तहत नागरिकों को सहायता उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग, न्यायालय विभाग, गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर एवं संबंधित एन.जी.ओ. के माध्यम से आज आयोजन स्थल पर सात सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया जाएगा।सहयोग कीड़ा मंडल मेजबानी का मंच साबित होगा - जालम सिंह पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल मुन्ना भैया ने सभी की सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि सहयोग कीड़ा मंडल संपूर्ण गोटेगांव के लिए मेजबानी का मंच है। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का हमारे नगर में आगमन होगा। उन्होंने कहा कि एस.के.एम.जी. का यह पूरा आयोजन गोटेगांव के निवासियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन पर आधारित है जिसमें आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है। कार्यक्रम में सम्मिलित होगी प्रदेश की महान हस्तियांकार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, खेल -युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण गोविंद सिंह राजपूत, पशुपालन एवं डेयरी विकास मंत्री लखन पटेल, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, जबलपुर सांसद आशीष दुवे, बालाघाट सांसद श्रीमती भारती, छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भैया, पाटन विधायक अजय बिश्नोई, शहपुरा विधायक माननीय ओमकार धुर्वे, विजय राघवगढ़ विधायक संजय पाठक, विधायक लखन घनघोरिया, पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ,बड़ा मलहरा विधायक सुश्री रामसिया भारती, पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे, बंडा विधायक माननीय वीरेंद्र सिंह, बरगी विधायक नीरज सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, पूर्व विधायक हाकम सिंह चड़ार, पूर्व विधायक संजय यादव सहित जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।